एस.डी.जी. शहरी सूचकांक, 2021 में पटना का खराब प्रदर्शन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ‘नीतिआयोग’के द्वारा सतत् विकास लक्ष्य **(SDG)** शहरी सूचकांक जारी किया गया, जिसमें बिहार की राजधानी पटना का प्रदर्शन निराशाजनक है। पटना को 56 शहरों में 52वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इसमें पटना को परफॉर्मर श्रेणी (50-64) में रखा गया है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि नीतिआयोग द्वारा प्रथम बार इस प्रकार के सतत् विकास लक्ष्य के अंतर्गत शहरी इंडेक्स जारी किया गया है।
- इंडेक्स में देश के 56 नगरीय क्षेत्रों को 77 सूचकांकों में प्राप्त की गई प्रगति के आधार पर रैंकिंग दी गई है, जिसमें सर्वाधिक 75.5 अंक प्राप्त कर शिमला प्रथम रैंक पर है। इस सूचकांक में पटना को कुल 57.29 स्कोर प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक में शहरों को कुल 4 श्रेणियों में बाँटा गया है- (I) अचीवर (100 अंक), (II) फ्रंट रनर (65-99 अंक), (III) परफॉर्मर (50-64 अंक) तथा (IV) एसपीरेंट (0-49 अंक)।
- सतत विकास लक्ष्य (SDG) - 1 (शून्य गरीबी) की प्राप्ति के मामले में पटना को केवल 45 स्कोर प्राप्त हुआ है। जबकि एसडीजी लक्ष्य 8 को प्राप्त करने के मामले में पटना ने सबसे खराब प्रदर्शन किया है। इसमें पटना का स्कोर केवल 17 है।
- एसडीजी-12 (सतत् उपभोग एवं उत्पादन प्रतिरूप सुनिश्चित करना) को प्राप्त करने के मामले में पटना ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 स्कोर प्राप्त किया है।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत् विकास को सुनिश्चित करने हेतु 17 एसडीजी लक्ष्य निर्धारित किये गए है। एसडीजी के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु देश तथा राज्य प्रतिबद्ध हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sdg-urban-index,-2021